तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	सुरेन्द्र सिंह **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार लूणी)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353613339665368	
11/05/26	अपीलार्थी सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम खेजड़ली खुर्द पोस्ट खेजड़ली कल्लां तहसील लूणी, जोधपुर ने द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 30.03.2026 ग्राम पंचायत खेजडली कलां के राजस्व गांव खेजड़ली खुर्द के खसरा न. 119 और प्रतिबन्धित सरकारी भूमि में से खसरा न. 119/1 आबादी भूमि के रूप में परिवर्तित कर तरमीम की सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.11 16:34:26 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22133329
M e-Sign